# उत्तर प्रदेश ने वैश्विक विनिर्माण बदलाव का लक्ष्य रखा

## चर्चा में क्यों?

**उत्तर प्रदेश** बहुराष्ट्रीय निर्माताओं को आकर्षित करने के लिये, विशेष रूप से **चाइना+1 रणनीति** के माध्यम से, अपनी **वैश्विक पहुँच** को तीव्र कर रहा है, जो कि **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** के राज्य को **1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था** में बदलने के दृष्टिकोण का हिस्सा है।

## मुख्य बिंदु

- **चीन+1 रणनीति के बारे में:**
  - यह वैश्विक प्रवृत्ति को संदर्भित करती है, जिसमें कंपनियाँ **चीन के अतिरिक्त अन्य देशों** में परिचालन स्थापित करके अपनी **विनिर्माण** एवं **आपूर्ति शृंखला** में विविधता लाने का प्रयास करती हैं।
  - इस रणनीति का उद्देश्य किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता से उत्पन्न **जोखिमों को कम करना** है, विशेष रूप से **भू-राजनीतिक तनावों** एवं **आपूर्ति शृंखला में व्यवधानों** के परिप्रेक्ष्य में।
- **निवेश आकर्षित करने के लिये वैश्विक पहुँच:**
  - अपनी चीन+1 रणनीति के अंतर्गत, राज्य की नोडल निवेश प्रोत्साहन एजेंसी- इन्वेस्ट यूपी, एक वैश्विक आउटरीच पहल का नेतृत्व कर रही है।
  - इस अभियान में फॉर्च्यून 500 कंपनियों और वैश्विक औद्योगिक नेताओं को आकर्षित करने के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और यूनाइटेड किंगडम में रोड शो और रणनीतिक व्यापारिक कार्यक्रम शामिल हैं।
  - इस आउटरीच में न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस आदि जैसे वैश्विक व्यापार केंद्रों में बिज़नेस-टू-गवर्नमेंट (B2G) बैठकें तथा गोलमेज़ चर्चाएँ सम्मिलित हैं।
  - ये कार्यक्रम भारतीय दूतावासों, अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (USIBC), भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) तथा भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI) जैसे प्रमुख व्यापार संघों के सहयोग से आयोजित किये जा रहे हैं।
- **उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय विकास और प्रमुख निवेश:**
  - **इलेक्ट्रॉनिक्स:** 3,700 करोड़ रुपए का HCL-फॉक्सकॉन OSAT निवेश राज्य की सेमीकंडक्टर महत्त्वाकांक्षाओं में एक मील का पत्थर है।
  - **वस्त्र:** उत्तर प्रदेश **पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क** तथा सिंथेटिक, रक्षा और चिकित्सा वस्त्रों पर केंद्रित मिनी पार्कों के माध्यम से अपनी वस्त्र मूल्य शृंखला को सुदृढ़ कर रहा है।
  - **इलेक्ट्रिक वाहन (EV):** EV नीति 2023 के तहत, उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2028 तक 36 गीगावाट-घंटे (GWh) बैटरी उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है।
  - **डिजिटल ढाँचा**: नोएडा-ग्रेटर नोएडा भारत के अग्रणी डाटा सेंटर हब के रूप में उभर रहा है, जहाँ एकीकृत AI सिटी विकसित करने की योजना है।

## इन्वेस्ट यूपी

- **परिचय:**
  - इन्वेस्ट यूपी, जिसे पहले **उद्योग बंधु** के नाम से जाना जाता था, उत्तर प्रदेश सरकार की **निवेश संवर्द्धन एवं सुविधा एजेंसी** है।
  - यह एजेंसी राज्य में **नए निवेश को आकर्षित करने** तथा **विद्यमान एवं संभावित उद्योगों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं के समाधान** के लिये समर्पित है।
- **दृष्टिकोण:**
  - इन्वेस्ट यूपी का दृष्टिकोण उत्तर प्रदेश को **भारत का सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य** बनाने का है।

    - इसका उद्देश्य **नविश नीतियों के प्रभावी क्रयान्वियन** हेतु एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करना है तथा **वशि्व-स्तरीय व्यापारकि परविश और अधोसंरचना** उपलब्ध कराकर **आर्थकि वकिास को बढ़ावा देना** और राज्य की जनता के जीवन स्तर को ऊँचा उठाना है।
- **लक्ष्य (Mission):**
    - राज्य की **नविश संवर्द्धन एवं सुवधि एजेंसी** के रूप में इन्वेस्ट यूपी का उद्देश्य है कि वह राज्य में **उद्योगों और अधोसंरचना के तीव्र वकिास के लयि नीतियों के नरि्माण में सक्रयि योगदान** देकर नविश आकर्षति करे।
    - यह संस्था संभावति एवं वर्तमान **उद्यमयों की समस्याओं के समाधान के लयि परामर्श सेवाएँ** प्रदान करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-targets-global-manufacturing-shift